**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.12.2024**

**ऑपरेशन "साइबर कवच" के दृष्टिगत थाना को0 देहात साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा पीड़ित की फ्राड गयी 36,360/- रूपये की धनराशि करायी वापस, पैसे वापस मिलने पर पीड़ित के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पीड़ित ने गोण्डा पुलिस को धन्यवाद:-**

जनपद गोण्डा में साइबर फ्रॉड अपराध की रोकथाम के संबंध में त्वरित कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के मार्गदर्शन में थाना को0 देहात की साइबर हेल्प डेस्क की टीम द्वारा पीड़ित के फ्रॉड गयी धनराशि को सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए धनराशि 36,360/- ;छत्तीस हजार तीन सौ साठ रूपये) पीड़ित के खाते में वापस करायी गयी।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

आवेदक साहेबराम वर्मा पुत्र संतराम वर्मा नि0 भदवा सोमवंशी थाना को0 देहाज जनपद गोण्डा का छात्रवृति का पैसा साइबर फ्राड के माध्यम से कट गया था। पैसे कट जाने के तुरंत ही आवेदक द्वारा साइबर क्राइम की वेबसाइड पर तत्काल आनलाइन शिकायत दर्ज करायी तथा साइबर सेफ पार्टल पर शिकायत अपलोड किया। जिसके जांच के क्रम में थाना को0 देहात की साइबर हेल्पडेस्क द्वारा सम्बंधित बैंक/इंटीमेडरी से संपर्क स्थापित करते हुए पीड़ित के 36,360/- रू0 की धनराशि वापस करायी गयी। पीड़ित द्वारा अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए गोण्डा पुलिस को धन्यवाद दिया गया।

**नोट-** साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर सूचना अंकित कराये, सूचना विलम्ब से देने पर साइबर अपराधियों द्वारा धन निकाल लिया जाता है। धन निकलने के उपरान्त पैसे वापस होने की सम्भावना बहुत कम होती है। लोगो को साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओ0टी0पी0, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। फ्रॉड ट्रांजेक्सन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएँ।

**साइबर सुरक्षा टिप्स-**

01. ऑनलाइन लेन-देन में सावधानी बरतें
02. किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें।
03. सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।
04. अनजान लिंक्स पर क्लिक न करें।
05. अपने डिवाइस को सुरक्षित रखें।
06. ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित वेबसाइट्स का उपयोग करें।
07. पासवर्ड को मजबूत और गुप्त रखें।

08. ऑनलाइन गतिविधियों पर निगरानी रखें।
09. साइबर बुलिंग और साइबर स्टॉकिंग के मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें।
10. ऑनलाइन उत्पीड़न के मामलों में कंपनी प्रबंधन और पुलिस को सूचित करें

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.12.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा व मुख्य विकास अधिकारी (प्रभारी जिलाधिकारी) द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 के दृष्टिगत लगातार भ्रमण शील रहते हुए परीक्षा केन्द्रो का निरीक्षण कर परीक्षा को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से कराया गया सकुशल सम्पन्नः-**

गोण्डा। आज दिनांक 22.12.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन (प्रभारी जिलाधिकारी) द्वारा उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु लगातार भ्रमणशील रहकर परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्ष, सी0सी0टी0वी0 व सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया। परीक्षा केन्द्रों पर लगे मजिस्ट्रेट, परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक व पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगणों से वार्ता कर उ0प्र0 लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा की प्री परीक्षा-2024 को सुचितापूर्ण, निर्विवाद एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराया गया। ड्यूटी पर कार्यरत सभी अधि0/कर्मचारीगणों द्वारा सतर्क दृष्टि रखते हुए ड्यूटी का निर्वहन किया गया तथा कंट्रोल रूम द्वारा लगातार सीसीटीवी कैमरों की मदद से हर तरह की गतिविधियों पर नजर रखी गयी। प्रभारी यातायात द्वारा पुलिस बल के साथ भ्रमणशील रहकर यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखा गया। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की गयी।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 22.12.2024**

**शांति सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर क्षेत्रान्तर्गत बाजार व संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर आमजनमानस को कराया गया सुरक्षा का एहसास, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-**

गोण्डा। आज दिनांक 22.12.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल के साथ थाना को0 नगर क्षेत्रांतर्गत प्रमुख चौराहों, तिराहों, सर्राफा मार्केट, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों व अन्य संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर आमजनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया। महोदय द्वारा आमजनमानस से जनसंवाद स्थापित कर शासन के द्वारा जारी गाइडलाइनों से सभी को अवगत कराया तथा सभी से आपसी भाईचारा, शान्तिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई साथ ही बताया गया कि संवेदनशील स्थलों, सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, सर्राफा बाजार, कस्बा, चौराहो, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों आदि महत्वपूर्ण स्थलों पर विशेष सतर्कता रखते हुए संवेदनशील स्थलों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरों से निगरानी की जा रही है।आवागमन के मार्गो, संवेदनशील स्थलों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों तथा धार्मिक स्थलों के आस-पास प्रभावी मोबाइल पेट्रोलिंग लगातार की जा रही है । जनपद के बार्डर एरिया पर पिकेट लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की संघन चेकिंग की जा रही है । स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले विभिन्न असामाजिक, अवांछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा भी लगातार सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो, ट्विटर, फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुपों सहित अन्य सोशल मीडिया के प्लेटफार्मो पर निरंतर निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक सूचना सोशल प्लेटफार्म पर यदि किसी के द्वारा फैलायी गयी तो उसके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा यातायात प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यातायात नियमों का पालन न करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

**इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा, प्र0नि0 को0 नगर सहित पुलिस के अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**